दिन–मंगलवार दिनांक– 24 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राज्यसभा में पश्चिम एशिया में जारी संकट पर अपना वक्तव्य दे रहे हैं। इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर लोकसभा में अपने बयान में कहा कि देश में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था की है ताकि वैश्विक संकटों का बोझ किसानों पर न पड़े। श्री मोदी ने कहा कि इस संघर्ष का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है।

————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री चौहान ने लोकसभा में आज इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए कहा कि किसानों की आय न केवल दोगुनी हुई है, बल्कि कई मामलों में तिगुनी और यहां तक कि आठ गुना तक बढ़ी है। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि बजट उन्नीस हजार तीन सौ छह करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर एक लाख तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज कैमूर जिले में सैंतीस करोड़ रूपये लागत वाली तैंतालीस योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने एक सौ बासठ करोड़ रूपये की लागत से एक सौ इकसठ योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार राज्य के चहुमुखी विकास के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के तहत आज रोहतास में भी लगभग चार सौ अस्सी करोड़ रूपये लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार दोनों विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नामांकन के आखिरी दिन किसी और के नामांकन नहीं भरने के कारण उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। उनके निर्वाचन का औपचारिक ऐलान थोड़ी देर में किया जाएगा। श्री कुमार चौथी बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है।आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। व्रती आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पर्व के अंतिम दिन कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही महापर्व का समापन होगा। इधर, अर्घ्य देने को लेकर पटना में गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में छठ घाटों और जलाशयों के किनारे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरा वातावरण छठ गीतों से गुंजयमान है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाटों पर नागरिक सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किये हैं। साथ ही अर्घ्य के दौरान पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आज अशोक राजपथ पर करगिल चौक से दीदारगंज तक दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे तक और कल, रात दो बजे से सुबह आठ बजे तक वाहनों का परिचालन नहीं होगा।

———————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिवहर जिले के डीडीसी ब्रजेश कुमार के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान निगरानी टीम ने जमीन और बैंक खातों से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच की।

———————————————————

दानापुर रेलमंडल के गहमर और बारा रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर तीन मजदूरों की मौत हो गयी। हमारे बक्सर संवाददाता ने बताया है कि मृतक मजदूर चौसा थर्मल पावर प्लांट में काम करते थे।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दुहन की अध्यक्षता में जिले में खाद्यान्न उठाओ और वितरण से संबंधित टास्क फोर्स की समीक्षा की गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।